>

Title: Need to give work orders to Hindustan Aeronautics Limited (HAL) at Aujar in Dindori Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): माननीय अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, 'नभः स्पृशं दीप्तम्' - यह हमारी भारतीय वायु सेना का आदर्श वाक्य है । हमारे दिन्डोरी क्षेत्र में ओज़र के पास हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का हवाई जहाज निर्माण उद्योग है । पिछले लगभग 70 सालों से एच.ए.एल. वहां से लड़ाकू विमानों को बना कर दे रहा है । अभी हाल ही में सर्जिकल एयर स्ट्राइक को सफल करने में इस्तेमाल हुए मिग-21 को एच.ए.एल., औज़र ने बनाया है, जो हमारे लिए गर्व की बात है । इसने मिग विमान और सुखोई 30 एम.के.आई. का उत्पादन समय के भीतर और गुणवत्तापूर्ण रूप से दिया है । एच.ए.एल. नासिक जिले की शान है, अर्थवाहिनी है । मेक-इन-इंडिया के तहत अनेक लघु उद्योग और एम.आई.डी.सी. इस एच.ए.एल. उद्योग समूहों पर निर्भर हैं । इसमें लगभग 8,000 अधिकारी और कर्मचारी काम कर रहे हैं । इस पर हजारों परिवार निर्भर हैं । पर, यह चिंता की बात है कि सन् 2020 के बाद एच.ए.एल., औज़र के पास वर्क लोड नहीं है ।

महोदय, मेरा अनुरोध है कि कोई अच्छा और बड़ा प्रोजेक्ट जल्द ही एच.ए.एल., औज़र को दिया जाए । उस काम को उसके द्वारा गुणवत्तापूर्वक किया जाएगा, यह हमें विश्वास है । वहां के कर्मचारियों का वेतन-वृद्धि करार भी दो सालों से प्रलम्बित है । मेरा अनुरोध है कि सरकार समय पर प्रबंधन और कर्मचारी संगठन के बीच समन्वय करे ।